Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite irrigation project for channelizing water of Telhar Kund to Jagdahwah dam in Kaimur Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): बिहार के कैमूर जिलान्तर्गत सुअरा नदी के बाया दायां तटबंध पर ग्राम पड़री-पंचकुइयां के पास बांध बनाकर अधौरा प्रखंड के तेलहार कुण्ड के पानी को जगदहवां बांध में गिराने की शीघ्र आवश्यकता है । इस असिंचित एवं पिछड़े क्षेत्र में सिंचाई का एक मात्र स्त्रोत जगदहवां बांध ही है । इस संबंध में अनेकों पत्राचार द्वारा आग्रह किया गया है जिसके आलोक में मुझे अवगत कराया गया है कि बांध के निर्माण हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति की जा चुकी है । एस0जी0ई0 कंसल्टेंसी को डी0पी0आर0 तैयार कर तीन माह के भीतर समर्पित करना था तथा वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त कर एवं भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है, परन्तु विलम्ब के कारण किसानों /लोगों में निराशा नजर आने लगी है । वर्षों से सूखाग्रस्त क्षेत्र को जितना जल्द सिंचाई का साधन | स्रोत उपलब्ध होगा उतना ही किसानों को राहत मिलेगी ।

अत: विशेष अनुरोध है कि विशेष अभिरूचि लेकर यथाशीघ्र उक्त सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता के आधार शीघ्र कार्यान्वित करने हेतु जलशक्ति मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए ।